भारत का स्वतंत्रता दिवस संस्था द्वारा हर वर्ष बड़े हर्षोल्लास और आदर के साथ 15 अगस्त को मनाया जाता है । इस वर्ष भी देश को 70 वीं स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रवादी सरगर्मी के साथ मनाया गया । डॉ योगेश सूरी, महानिदेशक और उनक़े परिवार ने संकायों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों और अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम कर रहे 23 देशो के सहभागियो के साथ शामिल होकर मनाया । यह सभी के लिये गौरव का क्षण था जब डॉ सूरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

श्रीमान महानिदेशक डॉ योगेश सूरी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि जब हम आज़ादी के फलो का आनन्द ले रहे है तो स्वतंत्रता आंदोलनकारियों को नहीं भूलना चाहियें । लाखो लोगो ने इस आज़ादी क़े लिये बलिदान किया जिसमे से बहुत न तो जाने जाते है न याद किये जाते है । सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इस शुभ अवसर पर हम उन सब महान पुरुषों औरस्त्रियो को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करे । उन्होने देश कि तरक्की और प्रगति के लिये सबसे प्रतिज्ञा लेकर एकजुट होने का आग्रह भीं किया ।

श्रीमती सूरी ने इस अवसर पर सबको बधाई देते हुए विशेषतौर पर बच्चों को सैनिकों से सीख लेने कि अपील की जो बहादुरी से दुर्गम क्षेत्रों और खराब मौसम के बावजुद देश की रक्षा करते है । उन्होने बच्चो को   राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देने , न मोडने , न फेकने की सलाह दी ।

कई प्रकार के प्रतियोगितायो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया । विजेताओ को   महानिदेशक द्वारापुरस्कार प्रदान किये गये ।